राजस्थान पत्रिका 7
जयपुर . शुक्रवार . 1 अक्टूबर . 2010

एकजुट हुए फुटपाथ व्यवसायी

मॉडल कानून लागू नहीं करने के विरोध में प्रदर्शन करते फुटपाथ व्यवसायी।

मेट्रो संवाददाता @ जयपुर

फुटपाथ व्यवसायियों के लिए मॉडल कानून बनाए जाने के बावजूद राज्य में इसे लागू नहीं करने पर गुरुवार को थड़ी-ठेले व फुटपाथ व्यावसायियों ने प्रदर्शन किया। सेंटर फॉर सिविल सोसायटी की ओर से चलाए जा रहे अभियान 'लॉ, लिबर्टी एंड लिवलीहुड' के तहत गुरुवार को सोढाला स्थित गीता आश्रम से लेकर उद्योग मैदान तक रैली निकाली गई।

इस दौरान नीति लागू करने की मांग को लेकर नारे लगाए व गुरुवार को व्यापार बंद कर विरोध जताया। अभियान के संयोजक अमित चन्द्र ने बताया कि प्रदेशभर में करीब 10 लाख फुटपाथ व्यवसायियों के लिए नीति नहीं बनाए जाने से किसी भी समय उन्हें अपनी आजीविका खो जाने का डर रहता है। स्ट्रीट वेंडर्स के राष्ट्रीय संगठन के संयोजक अरविन्द सिंह ने कहा कि सरकार को जल्द इस कानून को विधानसभा में पास कराना चाहिए। जयपुर महानगर थड़ी-ठेला फुटपाथ व्यवसायी संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष नाथू सिंह राठौड़ ने कहा कि जयपुर को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास अच्छा है, लेकिन हजारों लोगों की जीविका को उजाड़ना बेहतर कदम नहीं है। रैली को पूर्व विधायक उदयसिंह राठौड़, घनश्याम कोतवानी, ओमप्रकाश देवड़ा, परमानंद सालोदिया आदि ने संबोधित किया। अंत में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

दैनिक भास्कर
जयपुर · शुक्रवार, 1 अक्टूबर 201 6

फुटपाथ व्यवसायियों की रैली

फुटपाथ व्यवसायियों के लिए पॉलिसी लागू करने की मांग पर गुरुवार को जयपुर के थड़ी ठेला व फुटपाथ व्यवसायी संगठनों ने रैली निकाली। व्यवसायियों का कहना था कि केंद्र सरकार ने 2004 में राष्ट्रीय फुटपाथ नीति बनाई, जिसके तहत 2007 में राज्य सरकार ने भी नीति बनाई लेकिन लागू नहीं हो पाई। हालांकि नगर निगम ने केंद्र वेंडर पॉलिसी के तहत सर्वे भी कराया, लेकिन पॉलिसी को गति नहीं मिली।

3 समाचार जगत
जयपुर, 01 अक्टूबर 2010

फुटपाथ व्यवसाइयों की रैली

जयपुर। राज्य की ओर से फुटपाथ व्यापारियों के लिए शीघ्र नीति बनाने की मांग पर गुरुवार को सोडाल गीता आश्रम स्कूल से स्टेच्यू सर्किल स्थित खेल मैदान तक एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रनिधियों ने भाग लिया। रैली व आयोजक अमित चंद्र ने बताया कि भारत सरकार ने 2004 में फुटपाथ व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई थी मगर राज्य सरकार ने इसे आज तक लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि 10 लाख व्यापारियों को हर समय अपना धंधा खो देने का डर सताता रहता है। इस रैली में शामिल होने के लिए प्रदेश के जोधपुर, पाली, जालौर बीकानेर व उदयपुर से आने वाले व्यापारियों ने अपना बंद रखा।

डेली न्यूज़
जयपुर, शुक्रवार 7
1 अक्टूबर, 2010

फुटपाथी व्यवसायियों को रोजगार की मांग को लेकर जयपुर महानगर थड़ी-ठेला फुटपाथ व्यवसाय संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से गुरुवार को गीता आश्रम सोढ़ाला से स्टेच्यू सर्किल तक रैली निकाली गई। इसके बाद उद्योग मैदान में आयोजित सभा को अध्यक्ष नाथूराम सिंह राठौड़ समेत कई लोगों ने संबोधित किया।

दैनिक नवज्योति 5
जयपुर, शुक्रवार, 1 अक्टूबर 2010

फुटपाथ व्यापरियों के लिए मॉडल कानून बने

सेंटर फॉर सिविल सोसायटी के तत्वाधान में दुकानदारों की आजीविका के मुद्दे पर राज्य में जीविका: लॉ, लिबर्टी एण्ड लाइवलीहुड अभियान के तहत गुरुवार को फुटपाथ व्यापारियों ने रैली निकाली। अभियान के संयोजक अमित चन्द्र ने बताया कि यह रैली सोडाला स्थित गीता आश्रम से स्टेच्यू सर्किल तक निकाली गई।